साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 4 | अंक : 31 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 14 मार्च से 20 मार्च 2024 — ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5





### मधुमक्खी के हमले में 1 जख्मी

**गोंदिया**-गोरेगांव तहसील के ग्राम शहारवानी निवासी दिलीप मेश्राम (45) पर रेलवे स्टेशन परिसर में मधुमक्खियों ने हमला करने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उस पर उपचार चल रहा है. शहर पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

## लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर



**कलेक्टर नायर ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक**

**बुलंद गोंदिया**-लोकसभा चुनाव का बिगुल किसी भी वक्त बज सकता है. जिससे पूरा जिला प्रशासन अब अलर्ट मोड पर है. गोंदिया जिला प्रशासन ने चुनाव की तैयारी पूरी कर ली है. सभी लोग अपनी जिम्मेदारी सख्ती से निभाएं. ऐसी सूचना जिलाधीश तथा जिला चुनाव अधिकारी प्रजीत नायर ने जिलाधीश कार्यालय में सभी नोडल अधिकारियों की बैठक में दी. बैठक में तिरोड़ा और अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्य की भी समीक्षा की गई. चुनाव कार्य को लेकर गठित विभिन्न समितियों के कार्यों की समीक्षा के लिए जिलाधीश प्रत्येक मंगलवार को विषयवार नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हैं.

#### आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

उन्होंने कहा कि चुनाव में आदर्श आचार संहिता, कानून व्यवस्था और माध्यमों के दुरुपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाए. उन्होंने जिले की व्यवस्था को सख्त आदेश दिया कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की क्षति बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इस मौके पर मुख्य रूप से विभिन्न विभागों व कक्षों के प्रमुखों की बैठक हुई. इसमें प्रशिक्षण व निर्धारित कर्तव्य की जानकारी दी गई. चुनाव के संदर्भ में समितियों के कर्तव्य, बरती जाने वाली सतर्कता प्रक्रिया, समय-सीमा, शक्तियां व कार्यक्षेत्र पर प्रशिक्षण दिया गया. इस समय आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो, उन्होंने सतर्क रहने की हिदायत दी. चुनाव के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से काफी अफवाहें फैलाई जाती हैं. कई जगहों पर चुनावी व्यवस्था, ईवीएम मशीन, बैलेट पेपर, कानून व्यवस्था, व्यवस्था के बारे में सुविधा को लेकर गलत खबरें फैलाई जाती हैं. सोशल मीडिया का इस्तेमाल गलत तरीके से किया जाता है, किंतु इस तरह के गलत प्रसार पर रोक लगाने के निर्देश और ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश, इस संदर्भ में प्रावधानों की जानकारी दी गई.

#### विभिन्न समितियों का किया गठन

लोकसभा चुनाव के संबंध में प्रशिक्षण व प्रबंधन समिति, आचार संहिता कक्ष, कानून व व्यवस्था, चुनाव वेबसाइट का निर्माण, सूचना व प्रबंधन, चुनाव निर्णय अधिकारी कक्ष, मतदान कर्मचारी प्रबंधन समिति, ईवीएम कक्ष, चुनाव सामग्री स्वीकृति व वितरण कक्ष, मतपत्र कक्ष, मतदाता सूची कक्ष, कम्प्यूटर, साइबर सुरक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी कक्ष, परिवहन और संचार कक्ष, मतपत्र मुद्रण और वितरण कक्ष, सी-वीजीआईएल सार्वजनिक हेल्पलाइन, उम्मीदवार राजनीतिक दल चुनाव व्यय विभाग, मीडिया कक्ष (मीडिया प्रमाणन और नियंत्रण समिति), चुनाव जिला स्तर पर विभिन्न समितियां और कक्ष स्थापित किए गए हैं. समितियों के माध्यम से चुनाव कार्य कराया जाएगा. बैठक में जिलाधीश ने समितिवार कार्यों की समीक्षा की. इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अतिरिक्त जिप सीईओ डा. तानाजी लोखंडे, उपविभागीय अधिकारी सत्यम गांधी, निवासी उप जिलाधीश विजया बनकर. उप जिलाधीश (चुनाव) किरण अंबेकर, उप जिलाधीश भैयासाहब बेहरे और सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे.

### भानपुर में कृषि माल गोदाम का भूमिपूजन



**गोंदिया**-तहसील के ग्राम भानपुर में एमआरजीएस के तहत गोदाम का भूमिपूजन किया गया. इस अवसर पर भानपुर की सरपंच सरिता धर्मराज कटरे, उपसरपंच योगेश पतेह, सेवा सहकारी सोसाइटी अध्यक्ष अमरदास डहाके, गोंडाने, मुन्ना नागपुरे, भोजलाल बिसेन, रोशनलाल बोपचे, दिगंबर पतेह, मदनलाल बागड़े, धर्मराज कटरे, भक्तराज खरोले, हेमराज डहाके, मुनेश लिल्हारे, प्रवीण टेंभरे, श्रीकांत भगत, गेंदलाल टेंभरे, बाला उपवंशी, सीताराम कोंबड़ीबुरे आदि उपस्थित थे.

## 2 आरोपियों को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

### » युवक को जान से मारने का किया था प्रयास



**बुलंद गोंदिया**-रावणवाड़ी थाने के तहत चारगांव में फिर्यादी सहेदलाल चंभारु बिरनवार ने मकान निर्माण करने गड्ढा खोदा था. इस बीच आरोपियों ने साठगांठ कर फिर्यादी के प्लाट पर खोदे गए गड्ढे को बुझाकर उसके साथ हाथापाई की और जान से मारने का प्रयास किया. घटना 18 जून 2019 को हुई थी. फिर्यादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सभी चारगांव निवासी हनसलाल गोपीचंद नागपुरे, दीपक हनसलाल नागपुरे, छोटेलाल श्यामलाल नागपुरे, गिरिजाशंकर चंदन दमाहे, गिरधारी श्यामलाल नागपुरे, सागराबाई गिरधारी नागपुरे, मैनाबाई हनसलाल नागपुरे के खिलाफ मामला दर्ज किया था. आरोपियों के खिलाफ अपराध सिद्ध होने के बाद आरोपियों के खिलाफ दोषारोप पत्र 25 नवंबर 2019 को न्यायालय में पेश किया गया. जिला व सत्र न्यायाधीश ए. टी. वानखेडे ने 12 मार्च 2024 को आरोपी हनसलाल नागपुरे व दीपक नागपुरे को 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 5 हजार रुपये जुर्माना, जुर्माने की राशि नहीं भरने पर 3 महीने का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है. वहीं आरोपी 3 से 7 को निर्दोष बरी किया गया है. पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा, उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोहिणी बानकर के मार्गदर्शन में जांच अधिकारी पुलिस उपनिरीक्षक विनोद जोकार, हवलदार संजय चव्हाण ने जांच की. पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर के मार्गदर्शन में पुलिस कर्मी यादोराव कुर्वे ने न्यायालयीन कामकाज संभाला. सरकारी अधिवक्ता खंडेलवाल ने सरकार का पक्ष रखा.

## मृतक के परिवार को 10 लाख का धनादेश



**बुलंद गोंदिया**- पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले के हस्ते दुर्घटना के बाद लंबी बीमारी से मृत हेड कांस्टेबल रवींद्र पारधी के परिवार को 10 लाख का चेक वितरित किया. हेड कांस्टेबल पारधी नवेगांवबांध थाने में कार्यरत थे. शाम ग्रामीण थानांतर्गत परिसर में वे दुर्घटना में घायल हो गए थे. उनका उपचार चल रहा था. 5 दिसंबर 2022 को उनकी मृत्यु हो गई थी. महाराष्ट्र राज्य मुंबई बीमा संचालनालय की ओर से राज्य सरकारी कर्मचारी समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपए मंजूर किए गए. 11 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले व मुख्यालय उप अधीक्षक नंदिनी चानपुरकर के हस्ते उनकी पत्नी शुभांगी रवींद्र पारधी को चेक दिया गया.

## प्रोग्रेसिव्ह ग्रुप ऑफ स्कूल्स में मनाया अतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**बुलंद गोंदिया**।श्रीमती उमादेवी बहुउद्देशिय शिक्षण संस्था, गोंदिया द्वारा संचालित प्रोग्रेसिव्ह ग्रुप ऑफ स्कूल्स में अंतर्राष्टीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सविता विनोद अग्रवाल , डॉ. दिशा गेडाम (व्याख्यता गर्ल्स कॉलेज, गोदिया) डॉ. माधुरी नासरे (अध्यक्ष दि. महिला अर्बन को. ऑप बैंक, गोदिया), श्रीमती सोनाबर अंजानी (डेन्टिसट व कास्मेटोलॅजिस्ट, गोदिया), श्रीमती शारदा सोनाकनावरे श्रीमती अल्का पंकज कटकवार (उपाध्यक्ष, प्रोग्रेसिव्ह ग्रुप ऑफ स्कूल्स, गोदिया) के द्वारा कार्यक्रम का आरंभ माँ शारदा की प्रतिमा के सम्मुख दिप प्रज्वलन तथा माल्यापर्ण के साथ विद्यालय प्राचार्या कुमुदिनी तावाडे, वाय. आशा राव, मिनाक्षी महापात्रा, कुलदिप भौतिक, विणा कावळे, निधी व्यास की उपस्थिती में किया गया। विद्यालयीन छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुती व महिला कर्मचारीयों ने गीत, काव्य भाषण के द्वारा कार्यक्रम को मनभावक रुप दिया। सस्थाध्यक्ष डॉ. पंकज कटकंवार संस्थासचिव डॉ. निरज कटकवार ने सभी शालेय महिला कर्मचारियों को अंतरर्राष्टीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु श्रीमती ज्योती पहिरे, रुपकला रहांगडाले, लिना रहांगडाले, रानी खान, सपना विरखेडे, मोना खोकले, स्मिता शुक्ला, भुमेश्वरी गौतम, अभिलाषा तिवारी, मीना सिगनजुडे, दुर्गा रामटेक्कर, प्रेरणा सिंग सिमरन बास्के, भानुलता लावेटी दिव्यांशु जायस्वाल ने अथक प्रयास किया।

## शाहु, फुले, आंबेडकर पुरस्कार से गोपाल अग्रवाल गौरवान्वित



**बुलंद गोंदिया**-महाराष्ट्र शासन प्रतिवर्ष अपने सामाजिक न्याय व विशेष सहाय्य मंत्रालय की ओर से डा. बाबासाहब आंबेडकर समाज भूषण पुरस्कार, साहित्यरत्न लोक शाहीर अण्णाभाऊ साठे पुरस्कार, कर्मवीर पद्मश्री दादासाहेब गायकवाड़ पुरस्कार, संत रविदास पुरस्कार, शाहु, फुले, आंबेडकर पुरस्कार व डा. आंबेडकर सामाजिक न्याय प्राविण्य पुरस्कार महाराष्ट्र के चुनिंदा व्यक्तियों व संस्था को प्रदान करती है. पुरस्कार में चयनित व्यक्ति को मुंबई के आयोजन में सम्मान पत्र, शील्ड व नगद राशी प्रदान की जाती है. इस वर्ष पिछले 4 वर्षों के पुरस्कारों का वितरण एक साथ हुआ. मुंबई भाभा सभागृह नरिमन पाइंट में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार, विधानसभा अध्यक्ष, मुंबई के पालकमंत्री और राज्य के मंत्री संजय बंसोडे, न्याय विभाग के सचिव सुमंत भांगे, आयुक्त ओमप्रकाश बाकोरिया मंच पर उपस्थित थे. अपने भाषण में सचिव भांगे, उपमुख्यमंत्री अजित पवार व मुख्यमंत्री शिंदे ने पुरस्कार प्राप्त करने वालो का अभिनंदन किया. प्रारंभ के करीब 10-15 पुरस्कार मुख्यमंत्री के हस्ते वितरित किए गए. बाद में वे व्यस्तता के कारण शासकीय सह्याद्री चले गए. गोंदिया से शाहु, फुले, आंबेडकर से चयनित युवा जागृति अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल को उन्होंने विशेष रूप से बुलाकर सह्याद्री हाऊस में उन्हें पुरस्कार प्रदान किया. इस अवसर पर गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल भी उपस्थित थे. उल्लेखनीय है कि गोपाल अग्रवाल विगत 50 वर्षों से सामाजिक मानव सेवा में युवा जागृति संस्था के माध्यम से सेवारत है. पूर्वी में विदर्भ में शायद वे पहले व्यक्ति है जिन्हें शाहु, फुले, आंबेडकर पुरस्कार प्राप्त करने का सम्मान प्राप्त हुआ है.

## बाईक ने मारी बोरवेल ट्रक को टक्कर, मौके पर दो युवकों की मौत




**गोंदिया**-मंगलवार की रात को गोरेगांव मुरदोली जंगल मार्ग पर एक बड़ा हादसा हो गया ।जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई ।बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार से दोनों युवक दोपहिया वाहन से जा रहे थे ।इस दौरान संतुलन खो जाने से दोपहिया वाहन बोरवेल के ट्रक से पिछे से टकरा गई ।जहां पर दोनों की मौके पर ही मौत हो गई ।घटना मुरदोली जंगल मार्ग के बाघदेव मंदिर समीप परिसर में घटित हुई। मृतकों में उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले की लालगंज तहसील के भगवानपुर निवासी विकास समरनाथ चौहान (24) व तिरोली निवासी मनीष जगदीप कश्यप (25) का समावेश है. जानकारी के अनुसार दोनों युवक दोपहिया क्रमांक (यूपी-50/सीजे- 9477) से गोरेगांव से मुरदोली जा रहे थे. इस दौरान दोपहिया ने आगे चल रहे बोरवेल ट्रक (क्रमांक एमएच 34/एपी-4707) को टक्कर मार दी. गोरेगांव पुलिस ने शव मेडिकल कॉलेज भेजे. दुर्घटना के बाद बोरवेल ट्रक चालक घटना स्थल से भाग गया. ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है. गोरेगांव पुलिस घटना की जांच कर रही है.

## सरपंच ने ग्रामसेवक को पीटा, ग्रामसेवक संघ ने की कार्रवाई की मांग



**बुलंद गोंदिया**-सालेकसा तहसील के दरबाडा ग्राम पंचायत के सरपंच तमिल टेंभरे ने ग्राम सेवक अरुण सिरसाम को तहसील कार्यालय के सामने रोका और मारपीट की. इस मामले में महाराष्ट्र राज्य ग्राम सेवक संघ ने आपत्ति जताई है और सरपंच के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस और तहसीलदार से शिकायत दर्ज कराई है. नवंबर और दिसंबर महीने में हुई भारी बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान हुआ. पटवारी, ग्राम सेवक, कृषि सहायकों को पंचनामा बनाकर प्रभावित किसानों की सूची तहसील कार्यालय में जमा करने के आदेश दिये गये. इसलिए ग्राम सेवक अरुण सिरसाम ने क्षतिग्रस्त सूचियों का संयुक्त पंचनामा दरबाड़ा में जमा कराया, लेकिन सरपंच तमिल टेंभरे ने ग्राम सेवक से उस सूची में अपनी पसंद के 100 से 150 लोगों के नाम शामिल करने को कहा. लेकिन ग्राम सेवक ने कहा कि मैंने सूची तैयार कर ली है और इसमें नाम शामिल करना संभव नहीं है. इसकी जानकारी लेने के लिए ग्राम सेवक मंगलवार को सिरसाम तहसीलदार के पास गए. तहसीलदार ने कहा कि नाम बढ़ाना संभव नहीं है. जैसे ही ग्रामसेवक सिरसाम तहसील कार्यालय से बाहर आया, सरपंच तमिल टेंभरे और उसके साथ आए लोगों ने उसे पीटने और जान से मारने की धमकी दी. साथ ही देवरी में प्रशिक्षण की भी अनुमति नहीं दी गयी. संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने सरकारी काम में बाधा डाली है और यह घटना निंदनीय है

## सिविल लाइन में 20.74 लाख की चोरी



**गोंदिया**-नागपुर अपने रिश्तेदारों से मिलने गए एक परिवार के घर चोरों ने 20 लाख 74 हजार रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया. शहर के सिविल लाइन स्थित पूर्व महापौर अशोक इंगले के घर के पास रहने वाले मो. जफर आमीन कडुरेवाला अपने परिवार के साथ नागपुर गए थे. इस बीच घर में ताला लगा था. जब परिवार घर लौटा तो उन्हें चोरी की बात पता चली. 4 लाख 55 हजार रुपये की एक जोड़ी सोने की चूड़ियां, 2 लाख 80 हजार रुपये की 1 जोड़ी सोने की चूड़ियां, 2 लाख 45 हजार रुपये की 8 सोने की चूड़ियां मिलाकर कुल 20 लाख 74 हजार रुपये का सामान चोरी होने की बात पता चली. शिकायत के आधार पर गोंदिया शहर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है

## महिलाएं योग को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा मार्गदर्शन शिविर में योग शिक्षिका तुपट ने कहा

**देवरी**-वर्तमान में महिलाएं अपने स्वास्थ्य की ओर अनदेखी कर रही हैं. जिससे आगे समस्याएं बढ़ सकती है. महिलाएं योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का प्रतिपादन योग शिक्षिका अनिता तुपट ने ग्राम लोहारा में महिला दिवस पर अभय केंद्र, संरक्षण अधिकारी कार्यालय, महिला व बालविकास विभाग देवरी की ओर से आयोजित 1 दिवसीय महिलाओं व बच्चों के लिए मार्गदर्शन शिविर में किया. महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचारों को रोकने जनजागृति लाने के उद्देश्य से कार्यक्रम लिया गया. कार्यक्रम में महिला व बच्चों से संबंधित विविध कानूनों के विषय में मार्गदर्शन किया गया. प्रस्तावना संरक्षण केंद्र अधिकारी अभय केंद्र देवरी की ममता बी. बारेवार ने रखी. अध्यक्षता ग्रापं लोहारा की पुलिस पाटिल सत्यशीला टेंभुरकर ने की. अतिथि के रूप में ग्रापं सरपंच पन्नालाल चौधरी, विमुस अध्यक्ष राहुल मेश्राम उपस्थित थे. कार्यक्रम की मार्गदर्शन एड. रेश्मा माहुलकर ने दहेज प्रतिबंधक अधिनियम 1961, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न विषय में मार्गदर्शन किया. साथ ही जिला बालविकास संरक्षण कक्ष गोंदिया के कपिल टेंभुरकर ने बच्चों से संबंधित विविध कानूनों के विषय में मार्गदर्शन किया. प्रभाग समन्वयक मनीषा उईके ने बचत गट के लाभ के विषय में मार्गदर्शन किया.

## संपादकिय...

# 2024 का 'नागरिक शास्त्र'

नागरिकता संशोधन बिल को 2016 में संसद में पेश किया गया। दिसंबर, 2019 में लोकसभा और राज्यसभा में पारित किया गया। जाहिर है कि कानून बनाने की पटकथा को अंतिम रूप दे दिया गया, लेकिन 4 साल 3 माह की लंबी अवधि के बाद कानून की अधिसूचना तब जारी की गई, जब आम चुनाव की घोषणा कुछ दिन बाद होने ही वाली थी। इस संदर्भ में अधिसूचना के समय पर कठोर सवाल किए जाने स्वाभाविक हैं। अधिनियम के नियम, उसकी पात्रता और शर्तें आदि तय करने में इतना लंबा वक्त गुजार दिया गया, यह वाकई आश्चर्यजनक स्थिति है। अब एक तरफ नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी की गई है, तो दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने इस कानून को अपने राज्य में लागू करने से इंकार कर दिया है। उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी यह बयान दिया है कि पहले सभी संशयों और असमंजस को दूर कर लेना चाहिए था। वैसे किसी भी मुख्यमंत्री को यह क्षेत्राधिकार नहीं है कि संसद द्वारा पारित और भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किसी कानून को लागू करने से स्पष्ट इंकार कर सके। यह परोक्ष रूप से संघीय टकराव की स्थिति है, जिस पर सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ को फैसला देना पड़ सकता है। सीएए को ध्रुवीकरण अथवा मुस्लिम-विरोध का नागरिक शास्त्र कहा जा सकता है, जो एक निश्चित हद तक 2024 के आम चुनाव को प्रभावित करेगा। वैसे इसमें भी अर्द्धसत्य ही है। बेशक पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश के पीड़ित, अत्याचारों को झेलते उन देशों के घोर अल्पसंख्यकों-हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई, पारसी-को ही भारत की नागरिकता मुहैया कराने की व्यवस्था सीएए में की गई है, लिहाजा भाजपा अपने जनाधार में ध्रुवीकरण करा चुनावी फायदा उठा सकती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा इसका सफल प्रयोग बंगाल में कर चुकी है। विरोधियों की आशंका, उनके असमंजस और डर बयां किए जा रहे हैं कि सीएए का लिंक एनआरसी से है। सीएए के जरिए मुसलमानों के एक तबके की नागरिकता छीनी जा सकती है। ऐसी दलीलें महज अफवाहें हैं और देश में विभाजनकारी हालात पैदा करने को विरोध किया जा रहा है। असम, मेघालय, त्रिपुरा में कुछ संगठन आंदोलित हो चुके हैं। याद रहे कि राजधानी दिल्ली के 'शाहीन बाग' इलाके में इसी मुद्दे पर मुसलमानों ने 100 दिन का आंदोलन चलाया था और बाद में पूर्वोत्तर दिल्ली में दंगे भी भडके थे, लिहाजा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए जा रहे हैं। सुरक्षा बलों ने 'फ्लैग मार्च' तक निकाला है। फिलहाल करीब 18 लाख 74000 आवेदन इन तीनों पड़ोसी देशों से आ चुके हैं। सबसे ज्यादा शरणार्थी 16.39 लाख पाकिस्तान से आए हैं या आना चाहते हैं। पाकिस्तान में हिंदू आदि अल्पसंख्यक 1.18 फीसदी, बांग्लादेश में 8.5 फीसदी और अफगानिस्तान में मात्र 0.04 फीसदी हैं। उनके लिए भारत 'मानवतावादी धार्मिक संरक्षक देश' है। ये तीनों इस्लामी देश हैं, लिहाजा कानून में मुसलमानों की नागरिकता का कोई भी प्रावधान नहीं है।

## सीएए नया कानून-ज़जिस देश के हैं, वहां के नागरिक होने का प्रमाण देना होगा
### नागरिकता आवेदन का पोर्टल खुला नौ में से कोई एक दस्तावेज जरूरी
### शाह बोले- सीएए नागरिकता लेने नहीं, नागरिकता देने का कानून

**नई दिल्ली**-केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करने के बाद इसके आवेदन का वेब पोर्टल indiancitizenshiponline. nic.in लॉन्च कर दिया। इसमें पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के शरणार्थी नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। पोर्टल पर कुछ सवालों के जवाब और 50 रु. फीस देनी होगी। आवेदन के साथ संबंधित देश के 9 दस्तावेजों में से एक की कॉपी देनी होगी। जल्द ही सीएए-2019 एप भी लॉन्च होगा। दूसरी ओर, गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, सीएए के कारण किसी की नागरिकता नहीं जाएगी। सीएए ऐसा कानून है, जो नागरिकता देता है, न कि नागरिकता छीनता है। हमने घोषणा की थी कि सीएए लागू करेंगे और लागू किया।




### भारतीय मुसलमानों से इसका कोई संबंध नहीं

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सीएए का भारतीय मुसलमानों से लेना-देना नहीं है। उनके पास हिंदुओं के समान ही सभी अधिकार है। साथ ही यह कानून अवैध अप्रवासियों के निर्वासन से भी संबंधित नहीं है। ज़ यह कानून पूर्वोत्तर के उन आदिवासी क्षेत्रों में लागू नहीं होगा, जो संविधान की छठी अनुसूची के तहत संरक्षित हैं। ऐसे इलाकों में इनर लाइन परमिट लगता है। इनमें अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मिजोरम, मणिपुर शामिल हैं।

## दवा कंपनियां डॉक्टरों को गिफ्ट या सुविधाएं नहीं दे सकतीं

**नई दिल्ली.** दवा कंपनियां डॉक्टरों और उनके परिवार के लोगों को तोहफे या किसी तरह की दूसरी सुविधा नहीं दे सकेंगी। केंद्रीय औषधि विभाग ने मंगलवार को देशभर की दवा कंपनियों, उनके एजेंटों और डॉक्टरों के लिए नियम जारी किए। फार्मास्युटिकल्स मार्केटिंग प्रैक्टिसेस 2024 के अनुसार, कंपनियां उन लोगों को दवा के मुफ्त सैंपल नहीं दे सकतीं, जो टेस्ट करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। इसके साथ ही कोई भी दवा कंपनी या उसके एजेंट यानी वितरक, थोक विक्रेता, खुदरा विक्रेता किसी डॉक्टर या उनके परिवार के सदस्य और रिश्तेदारों को किसी तरह का लाभ नहीं पहुंचा सकते। मरीजों को कोई खास दवा देने के लिए किसी डॉक्टर को कोई ऑफर नहीं दे सकते। कंपनियां डॉक्टरों और उनके परिवार के सदस्यों को सम्मेलनों, सेमिनारों, कार्यशालाओं आदि में भाग लेने के नाम पर रेल, हवाई जहाज, क्रूज टिकट, सशुल्क छुट्टियां आदि सुविधाएं नहीं दे सकतीं।

## ग्रापं कर्मियों का मांगों को लेकर आंदोलन
### 2 को जिला परिषद पर प्रलंबित मांगों को लेकर निकाला जाएगा मोर्चा



**गोंदिया**-आयटक से संबद्ध महाराष्ट्र राज्य ग्रापं कर्मचारी महासंघ की राज्य कार्यकारी समिति के निर्णय के अनुसार राज्यव्यापी आंदोलन के तहत 2 अप्रैल को जिप पर प्रलंबित मांगों को लेकर मोर्चा निकालकर धरणा आंदोलन किया जाएगा. महासंघ के अध्यक्ष वरिष्ठ नेता प्रा. तानाजी ठोंबरे की अध्यक्षता और महासंघ के महासचिव नामदेव चव्हाण, कार्यकारी अध्यक्ष मिलिंद गणवीर और मराठवाड़ा शिक्षक संघ के नेता डी.जी. तांदले के मार्गदर्शन में राज्य महासंघ के कार्यकारिणी की सभा बार्शी (जिला सोलापुर) में हुई सभा में जिला अध्यक्ष चत्रुगण लांजेवार, संगठन सचिव विष्णु हत्तीमारे और उपाध्यक्ष ईश्वरदास भंडारी ने बैठक में भाग लिया. नपा कर्मचारियो की वेतन श्रेणी देने की मांग राज्य स्तर पर सरकार द्वारा स्वीकार की गई विभिन्न प्रलंबित मांगों में अभय यावलकर समिति की रिपोर्ट की सिफारिशों के नपं, नपा कर्मचारियो की वेतन श्रेणी देने, जनसंख्या का घातक आकृतिबंध निरस्त करने, श्रम विभाग की न्यूनतम वेतन निर्धारण समिति के माध्यम से कर्मचारियों के वेतन की संशोधित दरें पुन: निर्धारित करने, स्वीकृत न्यूनतम वेतन में 19 महीने के अंतर का भुगतान शीघ्र करने, कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन अनुदान आय व कर संग्रहण की दमनकारी शर्त को समाप्त कर सरकार के निर्णय के अनुसार कर संग्रहण के लिए कार्यपालिका व ग्राम सेवकों के साथ साथ सरपंच को भी जिम्मेदार मानते हुए कार्यवाही करने, सरकार जिम्मेदारी स्वीकार कर वेतन और भत्ते पर 100 प्रश सरकारी अनुदान देने, सेवानिवृत्ति के बाद जीवन जीने का अधिकार कर्मचारियों को पेंशन कानून लागू करने, हर साल 10 प्रश भर्ती करने, कर्मचारियों की पिछले कई वर्षों से लंबित व स्वीकृत मांगों तथा सरकार की ओर से समय-समय पर किए गए वादों का शीघ्र निस्तारण करने आदि मांगों का समावेश है. आयटक के नेतृत्व में महाराष्ट्र राज्य ग्रापं कर्मचारी महासंघ की ओर से 2 अप्रैल को राज्य के सभी जिप में जबाव दो आंदोलन किया जाएगा, ऐसी जानकारी राज्य महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष मिलिंद गणवीर ने दी है.

## आपदा पीड़ितों की सूची में गड़बड़ी
### कृषि सहायक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

**मुंडीकोटा/तिरोड़ा** -तिरोड़ा तहसील के ग्राम कृषि सोनोली के किसानों ने बेमौसम बारिश से पीड़ित लोगों की सूची बनाने में भ्रष्टाचार करनेवाले कृषि सहायक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है और कार्रवाई नहीं होने पर अनशन करने की चेतावनी दी है. इस संबंध में स्थानीय किसानों ने तहसीलदार के माध्यम से जिलाधीश को ज्ञापन प्रेषित किया है. ज्ञापन में कहा है कि कुछ महीने पूर्व हुई बेमौसम बारिश से गांव के अनेक किसानों के खेत में रखे धान के ढेर व चुराई के लिए रखे गए ढेरों का बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ. जिसके बाद ग्रामीण किसानों ने सर्वे अधिकारी कृषि सहायक से संपर्क कर सर्वेक्षण कर शासन को रिपोर्ट भेजने को कहा, तो उनका कहना था गांव में किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ कि तुम्हारे है, लेकिन इसके बाद कृषि सहायक ने आपसी साठगांठ कर आर्थिक प्रलोभन के चलते मनमर्जी के कुछ किसानों के नाम पीड़ितों के रूप में शासन को भेज कर मुआवजे के रूप में मिले लाखों रुपये का भ्रष्टाचार किया. इस संबंध में गांव के किसानों ने तहसीलदार के माध्यम से जिलाधीश को ज्ञापन सौंपते हुए इस मामले की जांच की मांग की है. उन्होंने कहा कि इस प्रकरण की प्रत्यक्ष जांच कर किसानों के बयान लिए जाए ताकि वस्तुस्थिति सामने आ सके. संबंधित दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की गई है. ऐसा नहीं करने पर किसानों ने अनशन की चेतावनी दी है. उन्होंने शिकायत की प्रति उपविभागीय दंडाधिकारी तिरोड़ा व तहसील कृषि अधिकारी को भी प्रस्तुत की है. प्रतिनिधि मंडल में रविंद्र मोहारे, राजेश मोहारे, प्रविण नारनवरे, भीमराज वासनिक आदि का समावेश है.



# अपने क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन मेरे जीवन का अविस्मरणीय अवसर है - पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल

**गोंदिया**- जबकि देश में प्रत्येक व्यक्ति की अयोध्या पहुंचकर भगवान श्री राम मंदिर के नव निर्माण के उपरांत प्रभु श्री राम के दर्शन की चाहत हिलोरे मार रही है, तथा विशेषकर क्षेत्र के बड़े बुजुर्गों की विशेष चाहत थी कि वे भी अयोध्या पहुंचकर भगवान श्री राम के दर्शन करें, ऐसे में लगभग 2000 की संया में क्षेत्र के बुजुर्गों, महिलाओं और राम भक्तों को प्रभु श्री राम के दर्शन कराने के लिये पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल अयोध्या लेकर पहुंचे, और उन्होंने स्वयं अपने परिवार के साथ ही बेहतर व्यवस्थाएं कर क्षेत्र के लोगों को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्रभु श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया। बड़ी संख्या में भगवान श्री राम की तिमा के दर्शन कर तथा अयोध्या नगरी पहुंचकर क्षेत्र के रामभक्तों ने स्वयं को धन्य माना। ज्ञात हो कि पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के सौजन्य से विशेष ट्रेन श्रध्दालुओं को लेकर अयोध्या के लिये 7 मार्च को रवाना हुई, जो 10 मार्च को यात्रा पुर्ण कर वापस गोंदिया पहुंची। दोनों ही अवसर पर रेल्वे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने श्रीराम लला के जयघोष नारे लगाकर संपुर्ण परिसर का वातावरण राममय कर दिया। पुरे रास्ते भर जहां गोंदिया वासियों ने भजन कीर्तन करते हुए अपनी धार्मिक यात्रा पूर्ण की, वहीं यात्रियों के की तमाम जरुरतों का पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के साथ ही उनकी पत्नी श्रीमती उमादेवी अग्रवाल, उनके पुत्र विशाल अग्रवाल, प्रफुल अग्रवाल ने विशेष ध्यान रखते हुए संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित की, जिससे कि यात्रीयों की संपूर्ण यात्रा धर्म और भक्तिपूर्ण माहौल के साथ ही आनंदपूर्वक पूर्ण हुई, तथा सभी दर्शन कर सकुशल घर वापस लौट आए। गौरतलब है कि पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल अपनी धार्मिक प्रवृत्ती व प्रभु श्रीराम में आस्था के लिये जाने जाते है तथा विगत वर्षों में गोंदिया में राष्ट्रीय स्तर के संतो के भागवत का सफल आयोजन कर इस बात को मजबुती प्रदान की है। गोंदिया में राष्ट्र संत परम पुज्य रमेशभाई ओझा, परम पुज्य किरीटभाई, परम पुज्य अतुलजी रामायणी जैसे अनेक संतों की कथाएं गोपालदासजी के माध्यम से पुर्व में संपन्न हुई है। प्रभु श्रीराम के प्रती उनकी अगाध आस्था रही है, श्रीराम जन्मोत्सव में उन्होंने निरंतर गोंदिया में प्रभु श्रीरामजी की आरती एवंम शोभायात्रा में प्रमुख से सहभागीता दशाई है। अयोध्या में श्रीराम लला के भव्य मंदिर के निर्माण के पश्चात से ही पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल गोंदिया के अपने प्रमुख कार्यकर्ताओं एवंम विविध क्षेत्रों के प्रतिष्ठीत नागरीकों को लेकर विशेष ट्रेन के माध्यम से अयोध्या ले जाना चाहते थे तथा इस बात का उल्लेख उन्होंने विगत दिनों सभी मंचो से किया था। पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल का यह संकल्प 7 मार्च को पुर्ण हुआ, जब गोंदिया से 22 डब्बों की आस्था स्पेशल ट्रेन लगभग 2000 श्रध्दालुओं को लेकर अयोध्या के लिये रवाना हुई। गोंदिया स्टेशन से रवाना होने के पुर्व गोपालदास अग्रवाल एवंम उनके सहयोगीयों द्वारा सुक्ष्मता से सभी व्यवस्थाओं को संचालित करने हेतु अथक प्रयास किये गये, जिसके फलस्वरूप गोंदिया से अयोध्या एवंम अयोध्या से गोंदिया का यह पुरा सफर अविस्मरणीय बन गया और इस यात्रा में सहभागी सभी श्रध्दालु गोंदिया लौटने के पश्चात समस्त व्यवस्थाओं की तारीफकरते नही थक रहे है। गौरतलब है कि, पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के उच्च स्तरीय संबंधों के आधार पर यह सारी व्यवस्थाएं बिना किसी रूकावट अथवा अडचन के सुगमता पुर्वक संपन्न हुई, यह विशेष उल्लेखनीय है। इससे पुर्व 7 मार्च को अयोध्या के लिये प्रस्थान करने से पहले गोंदिया स्टेशन पर बडी संख्या में उपस्थितश्रध्दालुओं की सभा को संबोधित करते हुए पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि, जब से अयोध्या में श्रीराम लला की प्राणप्रतिष्ठा हुई तब से देश में एक ऊर्जा का वातावरण निर्मित हुआ है और इस दिव्य ऊर्जा और प्रभु के आशिर्वाद का लाभ हमारे गोंदिया विधानसभा क्षेत्र को मिले इस हेतु इस धार्मिक यात्रा की संकल्पना की और आज हर्ष की बात है कि, हम सब प्रभु के आशिर्वाद को प्राप्त करने इतनी बडी संया में एक साथ जा रहे है। सभा का संचालन पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के विशेष सहयोगी अपूर्व अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने श्रीराम के जयघोष के नारे लगाये और कार्यकर्ताओं में नये उत्साह का संचार किया। 8 मार्च को अयोध्या पहुँचने के पश्चात पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल व सभी श्रध्दालुओं ने प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन किये, जिसका कभी न भुलनेवाला अनुभव सभी के हृदयपटल पर अंकीत हो गया। श्रीराम मंदिर के अतिरिक्त हनुमान गढी, नागरेश्वर धाम, कनक भवन, वाल्मीकी भवन जैसे अनेक प्राचीन धार्मिक स्थलों का भ्रमण सभी श्रध्दालुओं ने किया। सरयु नदी के तट पर पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने डुबकी लगाई एवंम 10 मार्च को श्रीराम मंदिर में विशेष पुजार्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ परिजन एवं प्रमुख सहयोगी उपस्थित थे। अयोध्या में पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने राम जन्म भुमी आंदोलन के प्रमुख आधार स्तंभ रहे विनय कटियार से सदभावना भेंट कर उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की। आयोजित समस्त धार्मिक अनुष्ठानों को सफलतापुर्वक पुर्ण करके सभी श्रध्दालु 9 मार्च की रात को अयोध्या से गोंदिया के लिये रवाना हुए। अयोध्या स्टेशन पर पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने सभी उपस्थित श्रध्दालुओं को संबोधित करते हुए उनके सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में इस तरह की धार्मिक यात्राएं आयोजित की जायेंगी, इस बात का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर सभी श्रध्दालुओं को पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल की ओर लड्डु प्रसाद वितरीत किया गया। अपने मन में प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन की कभी न भुलनेवाली यादों को समेटे सभी श्रध्दालु 10 मार्च को जब गोंदिया स्टेशन पहुँचे तब उनके चेहरों पर प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन की खुशी स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी, जिसका वर्णन आनेवाले समय में निरंतर सुनने को मिलेंगा, यह निश्चत है। इससे पुर्व भी गोंदिया से यात्राए अयोध्या के लिये आयोजित की गई लेकिन पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल द्वारा आयोजित इस यात्रा में श्रध्दालुओं से अत्यंत ही नाम मात्र का शुल्क लिया गया, जिसकी चर्चा पुरे क्षेत्र में व्याप्त है। ज्ञात रहे की, पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने इस यात्रा हेतु ग्रामीण क्षेत्र से पंजीयन शुल्क मात्र 100 रू. तथा शहरी क्षेत्र से मात्र 200 रू. निर्धारित किया था। अल्प खर्चे में संपन्न हुई इस यात्रा से संतुष्ट सभी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगीयों ने पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल का मन पुर्वक आभार व्यक्त किया।







## गांजा की बिक्री करने वाला पुलिस की हिरासत में



**गोंदिया**-आगामी चुनाव के मद्देनजर व गोँदिया जिले में चोरी, सेंधमारी, अवैध कारोबार में वृद्धि को देखते हुए अवैध कारोबार करने वाले अपराधियों पर नकेल कसने के लिए अपराधियों पर कार्रवाई के साथ-साथ छापेमारी भी की जा रही है. अवैध कारोबार करने वाले और गांजा रखने वालों के खिलाफ एन.डी.पी.एस. कानून के तहत कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा ने स्थानीय अपराध शाखा को दिए है. जिसके अनुसार पुलिस निरीक्षक दिनेश लबडे के नेतृत्व में स्थानीय अपराध शाखा की विभिन्न टीमों का गठन किया गया है. स्थानीय अपराध शाखा के हवलदार राजेंद्र मिश्रा को गुप्त जानकारी मिली कि रायपुर निवासी रॉबिन पटलिया रायपुर से गांजा लेकर ट्रेन से गोंदिया आ रहा है. जानकारी के आधार पर रामनगर क्षेत्र के मालधक्का रेलटोली परिसर में जाल बिछाकर शाम 6 बजे के बीच गांजे की अवैध खेप रंगेहाथ पकडी गई. आरोपी हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी सूरजनगर, रायपुर निवासी रॉबिन उर्फ चैनलाल पटलिया (46) को हिरासत में लेकर उसके पास से मिले दो बैगों का निरीक्षण किया गया.

### सेलो टेप से लिपटे 5 बंडल बरामद

बैग में सेलो टेप से लिपटे हुए 5 बंडल बरामद किए गए. सभी पांच बंडलों का निरीक्षण किया गया. जिसमें हरे नम पत्ते, फूल और गांजा के साथ मिश्रित बीज थे. जिसका वजन 5 किलो 140 ग्राम व कीमत 1 लाख 28 हजार 600 रु. बताया गया है. हवलदार राजेंद्र मिश्रा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रामनगर थाने में एन.डी.पी.एस. कानून धारा 8 (क), 20, 29 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को रामनगर पुलिस को सौंपा गया. यह कार्रवाई वरिष्ठों के निर्देश पर स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबडे के नेतृत्व में सहायक फौजदार अर्जुन कावड़े, हवलदार राजू मिश्रा, भूवनलाल देशमुख, चित्तरंजन कोडापे, महेश मेहर, प्रकाश गायधने, विठ्ठल ठाकरे, दुर्गेश तिवारी, स्मिता तोंडरे ने की.

# वर्ष 2023-24 के लिए जिला स्तरीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार वितरण



**बुलंद गोंदिया**-स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से वर्ष 2023-24 के लिए जिला स्तरीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार वितरण जिप के स्व. यशवंतराव नाईक सभागृह में जिप अध्यक्ष पंकज रहांगडाले की अध्यक्षता, जिप महिला व बाल कल्याण सभापति सविता पुराम, जिप सदस्य छबु उके, रचना गहाणे, उषा मेंढे की उपस्थिति में हुआ. इस अवसर पर जिला शल्य चिकित्सक डा. अमरीश मोहबे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितिन वानखेड़े, अतिरिक्त जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितिन कापसे, जिला मातृ व शिशु देखभाल अधिकारी रोशन राऊत, बाल विकास विभाग के 5 उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय गणवीर उपस्थित थे. स्वास्थ्य देखभाल में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए नर्सिंग और नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाता है. आधुनिक नर्सिंग के जनक, फ्लोरेंस नाइटिंगेल के नाम पर, फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार उन कामकाजी नर्सों को सम्मानित करने जिला स्तर पर प्रदान किया जाता है, जिन्होंने स्वास्थ्य देखभाल में उत्कृष्ट योगदान दिया है. इस वर्ष स्टाफ नर्स श्रेणी में पहला पुरस्कार ग्रामीण अस्पताल गोरेगांव की रेखा दोनोडे को, दूसरा पुरस्कार जिला क्षय रोग अस्पताल की वीना शिवणकर को, तीसरा पुरस्कार जिला क्षय रोग केंद्र की नेहा चिचमलकर को दिया गया. स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रेणी में प्रथम पुरस्कार तिरोड़ा तहसील के उपकेंद्र इंदौरा/खुर्द प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकड़ी/डाक की प्रीति वडिचार को, द्वितीय पुरस्कार सालेकसा तहसील के उपकेंद्र पिपरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरेकसा की हेमलता फुंडे को और तृतीय पुरस्कार गोरेगांव तहसील के शहारवानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कवलेवाड़ा उपकेंद्र की रंजू रंगारी को दिया गया.

चाचेरे को स्वास्थ्य सहायक श्रेणी से किया सम्मानित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कवराबांध की रेखा चाचेरे को स्वास्थ्य सहायक श्रेणी से सम्मानित किया गया, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुल्ला की धर्मशीला सोनटक्के को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. केटीएस जिला सामान्य अस्पताल की डिंपल मारवाड़े को उनके योगदान के लिए मनोरोग विशेषज्ञ नर्स श्रेणी से सम्मानित किया गया. संचालन वैशाली खोब्रागडे ने व आभार डा. नितिन वानखेड़े ने माना. सफलतार्थ जिला कार्यक्रम प्रबंधक अर्चना वानखेड़े, जिला मीडिया और - विस्तार अधिकारी प्रशांत खरात, अधीक्षक कल्याणी चौधरी और केटीएस सामान्य अस्पताल के नीलू चुटे ने प्रयास किया.

# आरोपी से 31,000 का माल जब्त
## संदेह के आधार पर पुलिस ने किया था गिरफ्तार



**गोंदिया**-स्थानीय अपराध जांच विभाग की टीम ने विभिन्न पुलिस स्टेशनों की सीमा के भीतर हुए अपराधों की जांच के दौरान संदेह के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया. चोरी की घटना के संबंध में जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपराध कबूल कर लिया. उसके पास से 31 हजार 600 रुपये का सामान जब्त किया गया. गिरफ्तार आरोपी का नाम बुद्धसेन चक्रवर्ती (20) किडंगीपार, तहसील आमगांव का निवासी है. पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नित्यानंद झा ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा करने क्राइम ब्रांच को निर्देशित किया. इस पर अमल करते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाशी अभियान शुरू की. क्राइम ब्रांच की टीम अपराधियों की तलाश कर रही थी, तब टीम ने गोपनीय मुखबिरों से मिली विश्वसनीय जानकारी के आधार पर संदिग्ध आरोपी बुद्धसेन चक्रवर्ती को आमगांव तहसील के किडंगीपार से गिरफ्तार कर लिया. आमगांव थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के संबंध में जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपराध कबूल कर लिया. उसके पास से चोरी की दो वारदातों में चुराई गई सामग्री बरामद हुई. कुल 31 हजार 600 रुपये का माल जब्त किया गया. आरोपी को बरामद सामान के साथ आमगांव पुलिस को सौंप दिया गया. कार्रवाई स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबड़े के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक महेश विघ्ने, सहायक पुलिस अधिकारी अर्जुन कावले, कांस्टेबल विठ्ठल ठाकरे, भुवनलाल देशमुख, दुर्गेश तिवारी, कांस्टेबल हंसराज भांडारकर, घनश्याम कुंभलवार ने की.

# मोटर पंप चोरी करने वाले आरोपी अरेस्ट



**गोंदिया**-तिरोड़ा तहसील में मोटरपंप चोरी करने वाले आरोपियों को स्थानीय अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है. उनके पास से 8 मोटरपंप, एक मोटरसाइकिल ऐसे कुल 1 लाख 16 हजार रु. का माल जब्त किया गया. तिरोड़ा तहसील के सालेबर्डी, धादरी, उमरी, सरांडी, तिरोड़ा में किसानों के खेत से मोटरपंप चोरी होने की घटनाएं पिछले दो माह से घटित हो रही थी. स्थानीय अपराध शाखा की टीम पिछले दो माह से उनकी तलाश कर रही थी. स्थानीय अपराध शाखा की टीम को गुप्त जानकारी मिली कि जितेंद्र पटले ने अपने साथी की मदद से बड़ी संख्या में मोटरपंप चोरी कर छिपा रखे है. जानकारी के आधार पर धादरी निवासी आरोपी जितेंद्र रुपचंद पटले (35), आकाश राधेश्याम पट्ले (27) व रुपेश रमेश उके (33) को मोटरपंप चोरी के मामले में हिरासत में लिया गया. तीनों आरोपियों से तिरोड़ा, धादरी, उमरी, सरंडी, सालेबर्डी क्षेत्र में मोटर पंप चोरी के अपराध के संबंध में पूछताछ की गई तो पहले तो टालमटोल जवाब दिए. बाद में गहनता से पूछताछ करने पर तीनों ने कबूल किया कि उन्होंने उक्त क्षेत्र से रात के समय एक मोटर पंप चोरी किए है. आरोपी जितेंद्र पटले के घर से 4 मोटर पंप, आरोपी आकाश पटले के घर से 4 मोटर पंप व चोरी करने के लिए अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्र. एमएच 40 - एस 2912 ऐसा कुल 1 लाख 16 हजार रु. का माल जब्त किया गया. तिनों आरोपी व माल तिरोड़ा पुलिस को सौंपा गया है. यह कार्रवाई वरिष्ठों के निर्देश पर स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबडे के नेतृत्व में पुलिस उपनिरीक्षक महेश विघ्ने, हवलदार इंद्रजित बिसेन, सुजित हलमारे, सिपाही संतोष केदार, घनश्याम कुंभलवार ने की है.

## मवेशी चराने के विवाद में मारपीट

**गोंदिया**-गंगाझरी थाने के तहत दांडेगांव निवासी धर्मराज रहांगडाले (65) के खेत में आरोपी प्रकाश पटले (45) यह जानवरों चराते समय उसे खेत में मवेशी चराने से मना करने पर आरोपी प्रकाश पटले ने गालीगलौच कर लाठी से धर्मराज रहांगडाले के सिर पर मारा. धर्मराज रहांगडाले की शिकायत पर पुलिस ने भादंवि की धारा 324, 504 के तहत मामला दर्ज किया.

# रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

**गोंदिया**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया गया. इसी श्रृंखला में दपूम रेलवे नागपुर मंडल के तहत पहले चरण में 15 स्टेशन जिसमें गोंदिया रेलवे स्टेशन में उत्पाद बिक्री के लिए स्टॉल का समावेश है. जिसमें स्थानीय कपड़े, हस्तशिल्प, मिट्टी से निर्मित वस्तुएं, हथकरघा, बांस के उत्पादन, वनोपज आदि को बढ़ावा देने स्थानीय उत्पादों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नाममात्र शुल्क के साथ स्थानीय उत्पादों को 15-15 दिनों के लिए यह व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है. इसके लिए कियोस्क स्टॉल का निर्माण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन अहमदाबाद द्वारा किया गया है. इसके अलावा अन्य रेल सेवाओं का शिलान्यास व लोकार्पण अंतर्गत राजनांदगांव-कलमना-तीसरी लाइन परियोजना के संबंधित निर्माण कार्य जिसके तहत लगभग 30 किमी रेलखंड (सालवा-कन्हान-कामठी व धानोली-आमगांव-गुदमा) विकास व अधोसंरचना के उन्नयन कार्य शामिल है.




परियोजना के तहत 170 किमी का निर्माण पूरा परियोजना अंतर्गत लगभग 170 किमी का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है और शेष लगभग 58 किमी का कार्य प्रगति पर है. जिसमें पनियाजोव-बोरतलाव, दरेकसा-सालेकसा, घानोली- सालेकसा, गुदमा-गोंदिया-गंगाझरी तथा कामठी-कलमना रेल खंड का समावेश है. गोंदिया रेलवे स्टेशन में शिलान्यास व लोकार्पण अवसर पर सांसद सुनील मेंढे, जिप अध्यक्ष पंकज रहांगडाले. सीए दिनेश दादरीवाल सहित रेल अधिकारी उपस्थित थे.

# डॉ. फुके के प्रयासों से आशा वर्कर्स के वेतन में 5 हजार की बढ़ोतरी अब मिलेंगे13 हजार प्रतिमाह



**बुलंद गोंदिया।** मंत्रिमंडल की मुंबई मंत्रालय में हुई बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. परिणय फुके द्वारा रखी गई राज्य की आशा वर्करों के मानदेय में बढ़ोत्तरी की मांग को सरकार ने मानते हुए उनके मानधन में 5 हजार रुपये की भारी बढ़ोत्तरी कर उन्हें न्याय देने का कार्य किया है। राज्य के पूर्व मंत्री एवं गोंदिया-भंडारा जिले के पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके ने कहा, आज सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाली आशा सेविकाओं को उनके मानधन में बढ़ोत्तरी कर न्याय देने का कार्य किया है। मैं राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, अजीत पवार का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ। फुके ने कहा, पिछले कुछ दिनों पूर्व जनता दरबार में आशा सेविकाओं ने मानधन में बढ़ोतरी का मामला संज्ञान में लाया था। मैंने उस दौरान उन्हें आश्वस्त किया था, सरकार उनके हित में जल्द अच्छे कदम उठाएगी। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से भेंट के दौरान उन्होंने सकारात्मक एवं समाधानकारक आश्वासन देकर मानधन बढ़ोत्तरी पर सहमति दर्शायी थी। सरकार ने आशा सेविकाओं के मानधन में बढ़ोत्तरी का शासन निर्णय लेकर नारीशक्ति को सुदृढ़ बनाने का कार्य किया। अब आशा वर्करों के 8 हजार मानदेय में 5 हजार की बढ़ोतरी कर उन्हें प्रतिमाह 13 हजार रुपये मानधन मिलेगा। सरकार के इस निर्णय का आशा वर्करों द्वारा स्वागत किया जा रहा है। आशा की बहनों ने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, अजीत पवार एवं जिले के पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके का आभार माना।

# गरिमा महिला संगठन ने मनाया महिला दिवस




**गोंदिया**- मतदान हर मतदाता का स्वतंत्र अधिकार है। महिलाओं ने स्वयंस्फूर्त इस अधिकार का उपयोग करना चाहिए उपरोक्त आह्वान महाराष्ट्र शासन वर्ग 1 अधिकारी एवं माइलस्टोन मिस इंडिया इंटरनेशनल 2023 शिखा एस. पिंपलेवार ने यहाँ गरिमा महिला संगठन द्वारा रविवार 10 मार्च को छत्रपति कालोनी, परमात्मा एक नगर के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में बतौर प्रमुख अतिथि व्यक्त किये। उन्होंने मतदान के महत्व के साथ महिलाओं के मूलभूत अधिकारों पर भी अपने उद्गार व्यक्त किये व महिलाओं से विविध क्षेत्रों में उन्नतशील बनने मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिखा पिंपलेवार एवं श्रीमती दीप्ति तावाड़े मैडम के हाथों दीप प्रज्ज्वलन एवं सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। महिला दिवस का औचित्य साधकर विविध खेल स्पर्धा, नृत्य, पाककला स्पर्धा, ज्ञान स्पर्धा, पुष्प रचना स्पर्धा, (रंगोली), रेम्प वाक के साथ अन्य मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा पुरस्कार वितरित किये गए। कार्यक्रम में लक्की विनर के रूप में वरिष्ठ कवयित्री एवं सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका श्रीमती कमलेश तिवारी को स्मृति चिन्ह, पुरस्कार एवं ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह का कुशल संचालन संगठन सचिव वर्षा मानकर ने किया। सफलतार्थ संगठन अध्यक्षा मौसमी भालाधरे, उपाध्यक्षा मंजू नखाते, सचिव वर्षा मानकर, कोषाध्यक्ष धनंजयी काकड़े, सहसचिव प्रीति केसलकर, सलाहकार प्रीति काले, तथा संचालिका सदस्यों में गीता मेश्राम, रेशमा रहेमान, किरण जायसवाल, किरण लांजेवार, छाया चौधरी, माधुरी कनोजे, सरिता राहांगडाले, मिनाक्षी कनोजे, शालिनी गुढ़ीकर, कल्पना गड़पायले, किरण उके, जयश्री बागड़े, कुंदाताई खरकाटे,अर्चना लिल्होरे, एकेश्वरी तावाड़े, ममता लिल्होरे, रेखा रामटेके, नम्रता बिड़कर, सपना हिरणखेड़े,उषा नरुले,सुषमा पेटकर,भारती सोनवाने,वर्षा भोयर,कंचन सिरसे, पूनम रणदिवे, प्रियंका लांजेवार, अंजलि पानतावणे, पल्लवी मेश्राम, अर्पिता पोचलवार, भूमेश्वरी दहीकर, आदि ने सहयोग प्रदान किया। उल्लेखनीय है विगत दस वर्षों से गरिमा महिला संगठन द्वारा प्रतिवर्ष महिला दिवस सोत्साह मनाया जाता है। एकेश्वरी तावाड़े ने आभार माना।


## छात्रवृत्ति से वंचित, तो छात्र स्वयं होंगे जिम्मेदार
## सहायक आयुक्त समाज कल्याण मोहतुरे ने दी चेतावनी

**गोंदिया**-भारत सरकार के सामाजिक न्याय व विशेष सहायता विभाग के माध्यम से अनुसूचित जाति व नवबौध्द प्रवर्ग के पोस्ट मैट्रिक की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, शिक्षा शुल्क, परीक्षा शुल्क आदि योजनाएं संयुक्त रूप से केंद्र व राज्य सरकार की ओर से क्रियान्वित की जाती है, किंतु कुछ आवेदन कॉलेज और छात्र स्तर पर लंबित हैं. यह मामला गंभीर है और यदि पिछड़ा वर्ग के छात्र छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय और छात्र की होगी. यह जानकारी समाज कल्याण सहायक आयुक्त विनोद मोहतुरे ने दी है. वर्ष 2023-24 के शैक्षणिक सत्र के लिए 4 मार्च के अंत तक जिले में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के 4,866 आवेदन पंजीकृत किए गए हैं. जिनमें से समाज कल्याण कार्यालय की ओर से 3,280 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं. कॉलेज आईडी पर 1,344 और स्टूडेंट आईडी पर 211 आवेदन लंबित हैं. साथ ही अन्य मा गा स व ग य आईएमएवी/विमाप्र/विजाभाज श्रेणी के छात्रों के 16989 आवेदन दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 10,689 आवेदन समाज कल्याण कार्यालय द्वारा स्वीकृत किए गए हैं. कॉलेज आईडी पर 4,328 आवेदन और छात्र आईडी पर 615 आवेदन लंबित है. जिसके कारण कार्यालय आवेदन पर कार्रवाई नहीं कर सका.

पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सिर्फ 74 प्रश विद्यार्थियों ने ही ऑनलाइन आवेदन भरने पंजीयन कराया है. समाज कल्याण कार्यालय के माध्यम से छात्रवृत्ति के लिए पात्र कुल 13,969 विद्यार्थियों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं. छात्र स्तर पर कुल 826 आवेदन त्रुटियों के समाधान के अभाव में लंबित है और कॉलेज स्तर पर कुल 5672 आवेदन लंबित हैं. जिससे कार्यालय उक्त आवेदन पर कार्रवाई नहीं कर सका. जिले के कॉलेजों के प्राचार्यों को कॉलेज स्तर पर लंबित आवेदनों को कार्यालय की आईडी पर जमा करने के लिए कई बार कार्यालय द्वारा सूचित किया गया है, लेकिन कई आवेदन कॉलेज स्तर पर लंबित है. वित्त वर्ष 2023-24 खत्म होने में अब बहुत कम समय बचा है.

# 2 उल्लुओं को दिया जीवनदान

**आमगांव** -आमगांव परिसर में दुर्लभ प्रजाति के 2 उल्लुओं को अलग-अलग स्थानों पर परेशान कर रहे लोगों से बचाकर जीवनदान दिया गया. पहली घटना में स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल आमगांव से विनोद हाड़गे ने फोन पर गोंदिया जिला प्राणी क्लेश प्रतिबंधक सोसाइटी के । सदस्य रघुनाथ भूते को जानकारी दी कि शाला कार्यालय के अंदर एक उल्लू घूम रहा है. जिसे बचाया जाना आवश्यक है. जिसके बाद सहायक वन संरक्षक गोवर्धन राठौड़, आमगांव की आरएफओ सोनटक्के, राउंड ऑफिसर दुर्गा अगडे के मार्गदर्शन में पहुंचे और कौशल्यपूर्ण तरीके से कार्यालय में घूम रहे उल्लू को पकड़कर उसकी जांच की गई. किसी प्रकार का जख्म न होने की पुष्टि होने के बाद वनरक्षक एन. जे. कदम और वन मजदूर योगेश सोमवंशी को सहायकता से प्राकृतिक अधिवास में ले जाकर छोड़ दिया गया. जिस पर मुख्याध्यापिका स्मृति छपरिया ने भूते व वन विभाग का आभार माना. शाम 7 बजे के दौरान रघुनाथ भुते को नितिन नगर आमगांव निवासी दिनेश रहांगडाले ने फोन पर जानकारी दी कि उनके परिसर में एक उल्लू घूम रहा है, जिसे बेवजह लोग परेशान कर रहे हैं. जिसके बाद भूते घटनास्थल पर पहुंचे व उल्लू को सकुशल पकड़कर उसकी चिकित्सकीय जांच की गई. जिसमें उसके शरीर पर मामूली जख्म पाया गया. जिसे देखते हुए उसे वन विभाग कार्यालय आमगांव में ले जाकर आरएफओ सोनटक्के के हवाले किया गया.



# जिले में 21 तक निषेधाज्ञा लागू

**गोंदिया**-पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार विभिन्न दल व संगठन अपनी लंबित मांगों को लेकर जिले में भूख हड़ताल, धरना, मोर्चा, विरोध प्रदर्शन, जेल भरो आंदोलन व हड़ताल का आयोजन कर रहे हैं. साथ ही माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में कानून व व्यवस्था बनाए रखने मुंबई पुलिस की धारा 37(1)(3) के ब. तहत अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी गोंदिया को प्रदत्त अधिकार के ततहत 1951 के अधिनियम क्रमांक 22 के तहत 7 मार्च से 21 ई. मार्च 2024 तक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी विजया बनकर ने जिले में निषेधाज्ञा लागू कर दी है. अधिसूचना की किसी भी शर्त द का उल्लंघन होने पर संबंधित के विरूद्ध आपराधिक नियमों के तहत उचित कार्यवाही की जाएगो.

# नए आंगनवाड़ी इमारत का किया गया लोकार्पण



**मुंडीकोटा/तिरोड़ा** -एकात्मिक बालविकास प्रकल्प तिरोड़ा बीट मुंडीकोटा क्षेत्र के ग्राम बिरोली में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया था. इस अवसर पर आंगनवाड़ी इमारत का लोकार्पण जिप सदस्य किरण पारधी के हस्ते किया गया. - अध्यक्षता सरपंच उषा मोहारे ने की. प्रमुख ष्ठ अतिथि के रूप में पंस सदस्य वनिता भांडारकर, प्रकल्प अधिकारी विनोद न चौधरी, उपसरपंच अमोल राहुल, ग्रामसेवक कांबले, ग्रापं सदस्य प्रिया बंसोड, वामन हजारे, आंगनवाड़ी सेविका, आंगनवाड़ी मदतनीस उपस्थित थे. किरण पारधी ने कहा कि मैं इस गांव से बहुत प्यार करता हूं, मैं गांव के विकास के लिए हमेशा तैयार हूं. इस गांव में बच्चों के लिए कोई आंगनवाड़ी नहीं थी, जिसके लिए महिला व बालकल्याण सभापति सविता पुराम का आंगनवाड़ी इमारत के लिए राशि देने उनका आभार व्यक्त करते हुए पारधी ने कहा कि आंगनवाड़ी खुलने से बच्चे आंगनवाड़ी में आएंगे, सर्वांगीण विकास कैसे हो, इस पर आंगनवाड़ी सेविका और सहायिका हमेशा विशेष ध्यान देती हैं. विद्यार्थियों का अपने बच्चों की तरह विकास करना चाहिए. संचालन आंगनवाड़ी सेविका उषा ने किया.

# पुलिस पाटिलों को, अब 6500 से बढ़कर 15 हजार रुपए मिलेंगा मानधन पूर्व मंत्री परिणय फुके ने निभाया वादा



**बुलंद गोंदिया।** 11 मार्च को म.रा. गाव कामगार पोलिस पाटिल संघ गोंदिया जिला द्वारा जिलास्तरीय कार्यशाला, सम्मेलन व वरिष्ठ सेवानिवृत्त पोलिस पाटिलों का सत्कार कार्यक्रम डॉ. आंबेडकर भवन, क्रीड़ा संकुल रोड, मरारटोली गोंदिया में आयोजित किया गया था। जहां बतौर राज्य के पूर्व मंत्री एवं जिले के पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री फुके ने पुलिस पाटिलों के गोंदिया और भंडारा जिले के संघ को 25-25 लाख रुपये के पुलिस पाटिल भवन निर्माण हेतु निधि देने की घोषणा कर इस बात से भी आश्वस्त किया था कि जल्द ही वे उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से मुलाकात कर पुलिस पाटिलों के मानधन में 15 हजार की बढ़ोत्तरी करने की मांग रखेंगे। डॉ. फुके ने गोंदिया से जाते ही डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडणवीस से फोन में वार्तालाप कर पुलिस पाटिलों की योग्य मांगो से उन्हें अवगत कराया एवं मानधन में बढ़ोत्तरी की मांग की। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने डॉ. परिणय फुके की इस मांग को सकारात्मकता से लेते 6500 रुपये से मानधन बढाकर 15 हजार करने की सहमति दर्शायी। तथा दिए शब्दो को निभाते हुए आज मुम्बई मंत्रालय में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में निर्णय लेकर पोलिस पाटिलों के मानधन में 8500 रुपये की बढ़ोत्तरी कर पुलिस पाटिलों का मानधन 15 हजार रुपये करने का कार्य किया। गौरतलब है कि वर्ष 2019 के पूर्व पुलिस पाटिलों का मानधन मात्र 3000 रुपये था। वर्ष 2019 में तत्कालीन गोंदिया जिले के पालकमंत्री रहे डॉ. परिणय फुके से पुलिस पाटील संगठना ने मानधन बढ़ोत्तरी की मांग की गई थी। जब भी फुके ने तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से भेंट कर मानधन में बढ़ोतरी की मांग उठाकर पुलिस पाटिलों का मानधन 3 हजार से साढ़े 6 हजार करने का कार्य किया था। अब पुन: पांच साल बाद मानधन बढ़ोत्तरी की मांग उठने पर डॉ. फुके ने पुलिस पाटिलों को वचन देकर इसकी पूर्ति करने का कार्य कर उन्हें बड़ी राहत देने का कार्य किया है। पुलिस पाटील संगठनाओं ने सरकार द्वारा मानधन में फिर एकबार बढ़ोत्तरी कर मानधन 15 हजार करने का शासन निर्णय जारी करने पर राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और अपने शब्दों पर तटस्थ रहने वाले पूर्व पालकमंत्री डॉ. परिणय फुके का अभिनंदन और आभार मानकर खुशी जाहीर की।

# विधायक विनोद अग्रवाल के प्रयासों से सुभाष गार्डन का 3 करोड़ की निधि से होंगा कायाकल्प



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर के सुभाष गार्डन की स्थिति बीते वर्षों में दयनीय हो चुकी है, तथा समय के अनुरुप अब इस गार्डन के कायाकल्प की आवश्यकता के चलते पुनर्निर्माण एवं अत्याधुनिक व्यवस्थाओं की मांग की जा रही थी, जिसे पुरा करने की दिशा में विधायक विनोद अग्रवाल ने बड़ा काम कर दिखाया है।

विधायक विनोद अग्रवाल ने सुभाष गार्डन के कायाकल्प के लिये 3 करोड़ रुपये की निधि स्वीकृत करवाई, तथा इसका 10 मार्च दिन रविवार को सुबह 8 बजे सुभाष गार्डन में भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रुप में पूर्व नप अध्यक्ष इंगले, पूर्व नप अध्यक्ष कशिश जायसवाल, भाऊराव उके, शिव शर्मा, घनश्याम पानतवने के साथ ही प्रमुख रुप से श्रीमती कदम, मारवाड़ी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश गोयल, रमाकांत अग्रवाल, अनिल हुंदानी संहित अनेक हस्तियां मौजूद थी । भूमिपुजन अवसर पर विधायक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि गोंदिया विधानसभा क्षेत्र की बड़ी ही विषम परिस्थितियों में वे क्षेत्र के विधायक बने, एक निर्दलीय विधायक के रुप में आप सभी का प्यार और शक्ति मिली, और गोंदिया की जनता की सेवा का अवसर मुझे मिला, लेकिन मेरे विधायक बनने के बाद ही मेरे कार्यकाल का बहुत बड़ा समय कोरोना के खिलाफ लड़ाई में चला गया। तीन साल कोरोना ने प्रभावित किया, तो कोरोना काल में भी हमने अपनी जवाबदारी निभाने का पूरा पूरा प्रयास किया, जबकि वहीं जब सामान्य परिस्थितियां निर्मित हुई, तो मुंबई के मंत्रालयों के चक्कर लगाकर, और मुख्यमंत्री संहित अनेक मंत्रियों व शासन प्रशासन का सहयोग गोंदिया के विकास के लिये जुटाने का हमने प्रयास किया, और इसका परिणाम है कि गोंदिया के विभिन्न प्रभागों में युद्ध स्तर पर करोड़ों के निर्माण कार्य हो रहे हैं। विधायक विनोद अग्रवाल ने आगे कहा कि सुभाष गार्डन में फिलहाल 3 करोड़ की निधि उपलब्ध कराने में सफलता मिली है, तथा इस गार्डन का एक उत्कृष्ट प्लानिंग के साथ जीर्णोद्धार किया जायेगा। आने वाले 100 दिनों के अंदर इस गार्डन का कायाकल्प हो, इसके प्रयास भी किये जाएंगे। गोंदिया शहर में कचरा प्रबंधन को लेकर विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि गोंदिया नगर परिषद के सामने कचरा प्रबंधन एक बहुत बड़ी चुनौती बना हुआ है क्योंकि शहर के किसी भी क्षेत्र में जहां भी कचरा डम्प करने के लिये व्यवस्थाएं बनाने के प्रयास हो रहे हैं, लोगों का विरोध बाधा उत्पन्न कर रहा है, लेकिन इसके लिये भी अतिशीघ्र हम व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं।विधायक विनोद अग्रवाल ने आगे यह भी कहा कि शहर के सभी समाज के भवन, मंदिर, मस्जिद, बौद्ध विहार, जैसे सभी समाज प्रतिमा स्थल का नवीनीकरण करने का काम शुरू है। 65 करोड़ की निधि से शहर की प्रमुख सड़क को सीमेंट रोड बनाया जाएगा जिसकी गुणवत्ता महानगर पालिका स्तर की होगी, और आने वाले दिनों में गोंदिया शहर लोगों को बदला हुआ नजर आने लगेगा। इसअवसर पर प्रमुख रुप से हर्षपाल रंगारी, पूर्व सभापति श्रीमती नीतु अमित बिरिया, पूर्व सभापति धर्मेश (बेबी) अग्रवाल, श्रीमती विमलताई मानकर, पूर्व पार्षद राहुल यादव, दीपक बोबड़े, श्रीमती सुषमा मयूर मेश्राम, भावना कदम, श्रीमती अफसाना पठान,मैथिली पुरोहित, समीर आरेकर, मोन्या नागदवने, राजेन्द्र कावले, अहमद मनिहार, लालु शर्मा, अभय मानकर, धर्मेन्द्र डोहरे, मुकेश हलमारे, भास्कर राजगिरे, राजु पटले, संजु वंजारी, संतोष पटले, डिंपल तीर्थराज उके, अनिल शरणागत, यशवंत बहेकार, भारत शुक्ला, अमित भालेराव, आशीष ठकरानी, चेतन बुम्बर, प्रशांक गुडगे, दिलीप यादव, प्रितेश रामटेककर संहित बड़ी संख्या मेंनागरिकणगण महिलाएं, पुरुष व युवावर्ग उपस्थित थे।

# दुर्घटना में 2 महिलाओं की मौत

**गोंदिया**-दर्शन से ट्रैक्टर के पीछे बैठकर गांव लौटते समय ट्रैक्टर को पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी. एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई. दूसरे की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतक महिलाओं की पहचान अर्जुनी मोरगांव निवासी मीनाक्षी नेवारे (35) और सुरेखा चौधरी के रूप में की गई है. अर्जुनी मोरगांव के कुछ नागरिक भगवान महादेव के दर्शन के लिए गुरनोली गए थे. बिना नंबरी ट्रैक्टर पर सवार होकरअर्जुनी मोरगांव लौट रहा था. इसी दौरान अर्जुनी मोरगांव-वडसा रोड पर संभाजीनगर के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने ओवरटेक किया और ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी. नतीजा यह हुआ कि पिकअप वाहन का लोहे का एंगल ट्रैक्टर में बैठी महिला मीनाक्षी हितेश नेवारे (35) को लग गया और उनकी मौत हो गई. मीनाक्षी के पास बैठी सुरेखा चौधरी भी एंगल की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गईं, उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. किंतु इलाज के दौरान उस महिला की भी मौत हो गई. रवीना वरखड़े (19) की शिकायत पर अर्जुनी मोरगांव पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

# बौद्ध महासभा नवरगांवकला सर्कल का गठन

**गोंदिया,**-भारतीय बौद्ध महासभा नवरगांवकला सर्कल की पुनर्गठन सभा का आयोजन ग्राम आसोली के बौद्ध विहार में भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा के अध्यक्ष एन. एल. मेश्राम की अध्यक्षता में किया गया. इस अवसर पर प्रमुख प्रर्यवेक्षक के रूप मे भारतीय बौद्ध महासभा तहसील कोषाध्यक्ष विजय गडपायले, सचिव मनोहर भावे, विजेंद्र मेश्राम, विजय बन्सोड, बाबूलाल गडपायले थे. सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध व डा. बाबासाहब आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, माता रमाई के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया व वंदना ली गई. इस अवसर पर नवरगांव सर्कल अध्यक्ष के पद पर तुलसीदास मेश्राम, महासचिव पद पर भुमेश चौरे, कोषाध्यक्ष तिलक चौव्हान,संस्कार उपाध्यक्ष उत्तम रामटेके, पर्यटन उपाध्यक्ष अशोक गणवीर, संरक्षण उपाध्यक्ष अरंविद डोंगरे, महिला उपाध्यक्ष रत्नमाला बन्सोड, कार्यालयीन सचिव छाया खोबरागडे, लेखा जोखा अध्यक्ष नरेश कोल्हे की नियुक्ति की गई. सर्कलनवरगावंकला अंतर्गत सभी ग्रामों के पदाधिकारी व बौद्ध उपाध्यक्ष उपस्थित थे. संचालन तहसील महासचिव कोमलकुमार नंदागवली ने किया. सफलतार्थ ग्राम शाखा आसोली के सभी पदाधिकारियों ने प्रयास किया.

# पुजारीटोला डेम में डूबने से बालक की मृत्यु

**गोंदिया**-अपने दोस्तों के साथ छुट्टियों का आनंद लेने के लिए पुजारीटोला परियोजना में गया एक 13 वर्षीय बालक पानी का अनुमान नहीं से डूब गया. मृतक की पहचान कोटरा निवासी लखन हत्तीमारे के रूप में हुई है. पूजारीटोला जलाशय सालेकसा तहसील के कोटरा में स्थित है. जलाशय जिले की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक है. इस जलाशय से गोंदिया जिले के साथ-साथ मध्य प्रदेश में भी कृषि सिंचाई के लिए पानी छोड़ा जाता है. स्कूल की छुट्टी होने के कारण कोटरा के कुछ बच्चों ने पुजारीटोला परियोजना में नहाने की योजना बनायी. शुरुआत में प्रोजेक्ट के बगल में खेलते खेलते पानी में उतर गया. उनमें से लखन को पानी का अंदाजा नहीं हुआ. अचानक वह पानी में डूब गया. - मछुआरों की मदद से तलाश की गई, तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी गई. मछुआरों को शाम के करीब शव मिला, सालेकसा अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

# पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयत्नों से ग्राम हिवरा में विकास कार्यों का भुमिपुजन संपन्न



**बुलंद गोंदिया**- पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयत्नों से ग्राम हिवरा में 4 लाख रू लागत से मंजुर डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर चौक सौंदर्यीकरण बांधकाम का भुमिपुजन पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, तालुका भाजपा अध्यक्ष धनलाल ठाकरे, पुर्व पस सभापती प्रकाश रहमतकर, सरपंच ब्रिजलाल मारगाये, पुर्व सरपंच संजीव लिल्हारे, पोलीस पाटील विनोद नंदेश्वर, स्वप्निल अंबादे, राजकुमार लिल्हारे की प्रमुख उपस्थिती में संपन्न हुआ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि, गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों सिमेंट सडकों का बनना और ठेकेदारी के लिये पाईप लाईन बिछाने के नाम पर पुन: तोडे जाने का गौरख धंधा चल रहा है। सिमेंट सडकों के ठेकेदार भी चाबी आमदार और पाईप लाईन बिछाने के ठेकेदार भी चाबी आमदार और जब आमदार ठेकेदारी कर रहा है, तो शासकीय यंत्रणा भी कुछ बोल नहीं पा रही है। गांव-गांव की सिमेंट सडके खोदे जाने से एक ओर जहां बडे पैमाने पर शासकीय निधी का नुकसान हो रहा है, वहीं नागरीकों को भी यातायात में भारी अडचन हो रही है। गत वर्षों में ही हमने इस हिवरा ग्राम की सडकों का प्रधानमंत्री सडक निर्माण योजना अंतर्गत निर्माण कराया, लेकिन पाईप लाईन डालने के नाम पर उक्त सडको को भी बेतरतीब खोदकर खराब कर दिया गया है। प्रमुख रूप से उपसरपंच राजेश परिहर, सर्वश्री ग्राप सदस्य राजकुमार ढोमने, स्वाती नंदेश्वर, भाग्यश्री माहुले, रजनी शहारे, चेतना ठाकरे, श्वेता वंजारी अनिता पिसोडे, पुर्व उपसरपंच कन्हेरलाल पिसोडे, राजकुमार लिल्हारे, ईश्वरीलाल माहुले, खिमनलाल माहुले, सिताराम लांजेवार, दशरथ बिसेन, श्याम धमगाये, ब्रहानंद पिसोडे, आनंद बन्नोटे, अजबलाल माहुले, ईसुलाल राऊत, ईसुलाल माहुले , राजेन्द्र दरवडे, प्रमिलाबाई भास्कर, तरूणाबाई साखरे, मनोहरलाल पिसोडे, छगनलाल लिल्हारे, प्रभुलाल पिसोडे, नुरलाल बन्नोटे, उमेश नंदेश्वर, पुर्व प. स. उपसभापती पुरणलाल ठाकरे, अध्यक्ष बुथ कमेटी तेजलाल गयगये, सुनिल पिसोडे, संदीप दरवडे, सकाराम धारणे, गीताबाई नेवारे, प्रल्हाद सययाम, डॉ.मानिकचंद ठाकरे, खुमेश ठाकरे, डिलेश्वर ठाकरे, कृष्णा नागपुरे, शंकरलाल माहुले, फागुलाल माहुले, श्यामकुमार अंबादे, पुर्व सरपंच वंदनाबाई साखरे, कौशल्याबाई लांजेवार, प्रेमलाल बन्नोटे, कुंवरलाल ढोमने, अशोक शहारे, हिमंत राऊत, धर्मेन्द्र नंदेश्वर, रंजित नंदेश्वर, चंद्रशेखर अंबादे, योगेन्द्र अंबादे, जोगीलाल माहुले, संतोष बिसेन, नरेश सुर्यवंशी, पुर्व सरपंच उषाबाई टेंर्भुकर व ग्रामवासी बडी संख्या में उपस्थित थे।

# ग्रापं पदाधिकारी ही बने ठेकेदार

## समस्याओं की ओर ध्यान नहीं, घटिया दर्जे की सड़क का निर्माण



**गोरेगांव**-तहसील में अनेक ग्राम समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार ग्राम पंचायत पदाधिकारियों का ध्यान गांव की समस्याओं पर बिल्कुल नहीं है. अधिकतर पदाधिकारी अपनी ठेकेदारी में व्यस्त हैं. ग्रामों में चल रहे अधिकतर कार्य टेंडर ठेकेदार के बजाय ग्राम पदाधिकारी कर रहे हैं. जहां प्रशासन के नियमों की धज्जियां उड़ रही है. जानकारी के अनुसार गोरेगांव तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों अनेक निर्माण कार्य मनरेगा योजना, 25 /15 व 15 वित्त के तहत किए जा रहे हैं, लेकिन निर्माण कार्यों पर देखरेख का अभाव देखा जा रहा है. अधिकतर निर्माण कार्य नियोजन अनुसार नहीं हो रहे हैं. अधिक पैसा बचाने के चक्कर में घटिया दर्जे से तैयार हो रहे हैं.

ग्रामीणों की ओर से जांच की मांग =उल्लेखनीय है कि ग्राम पदाधिकारी ही ठेकेदार होने की चर्चाएं हैं. जिसकी शासन नियम अनुसार कोई भी पदाधिकारी ठेकेदारी नहीं कर सकता है. यहां स्थिति बिलकुल विपरीत है. ग्राम पदाधिकारी ही ठेकेदार बने हुए हैं. शपथ विधि में प्रत्येक नवनियुक्त पदाधिकारी ठेकेदारी नहीं करने का प्रमाण पत्र देता है, किंतु अधिकतर पदाधिकारी इसका पालन नहीं करते हैं. आज की स्थिति में अधिकांश ग्रामों में चल रहे निर्माण कार्यों की ठेकेदारी स्वयं ग्राम पंचायत पदाधिकारी कर रहे हैं. टेंडर किसी अन्य व्यक्तियों के नाम पर तो वहीं ठेकेदार कोई और होता है. इस विषय को लेकर ग्रामीणों द्वारा जांच की मांग उठ रही है.

# परीक्षा केंद्रों से 12 नकलची पकड़े जिले में 15 उड़न दस्ते तैनात



**गोंदिया**-फिलहाल 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं चल रही हैं. हालांकि परीक्षाएं बच्चों की हैं, किंतु इसका तनाव अभिभावक उठा रहे हैं. जिलों में कुछ परीक्षा केंद्रों पर नकल की घटनाएं सामने आ रही हैं. जिले में 10वीं और 12वीं की परीक्षा नकलविहीन कराने का संकल्प लिया गया. अब तक 12 नकलची पकड़े जा चुके हैं. गोंदिया जिले में 10वीं और केंद्रों पर शुरू 12वीं की परीक्षाएं चल रही हैं. परीक्षा केंद्र की निगरानी के लिए उड़न दस्ते की टीमें नियुक्त की गई हैं. जिले में अब तक नकल के 12 मामले सामने आ चुके हैं. शिक्षा विभाग ने जानकारी दी है कि परीक्षार्थी नकलविहीन पेपर हल कर रहे हैं.

**नकलविहीन परीक्षा के लिए यंत्रणा तैयार:** परीक्षा में नकल की समस्या से बचने जिले के प्रत्येक तहसील में एक उड़न दस्ता है. साथ ही माध्यमिक, प्राथमिक शिक्षाधिकारी, उप शिक्षाधिकारी, शिक्षाधिकारी (नियोजन), प्राचार्य, जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्था की पांच टीमें हैं, जबकि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर समुचित पुलिस बल रखा गया है.

# राख उड़ाने वाले टिप्पर पर पुलिस की कार्रवाई

**गोंदिया**- टिप्पर में लदी राख उड़कर लोगों की आंखों में जा रही थी. जिससे उनकी आंखें खराब होकर दुर्घटना होने की आशंका थी. देख गंगाझरी पुलिस ने टिप्पर को पकड़ कर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया. निलज निवासी आरोपी चालक विजय वासुदेव गाढवे (39) टिप्पर क्र. एमएच 29 बीई 2679 में सूखी राख ले जा रहा था. इस समय तिरपाल ठीक से नहीं बंधा था, टिप्पर में लदी राख उड़कर सड़क से गुजर पुलि रहे राहगीरों की आंखों में जा रही थी. परिणामस्वरूप नागरिकों की आंखों में चोट लगने तथा दुर्घटना होने की संभावना बनी थी. देख पुलिस ने टिप्पर को गंगाझरी में बस स्टैंड के सामने पकड़ लिया. हवलदार राकेश भुरे की शिकायत पर पुलिस ने चालक विजय गाढवे के खिलाफ भादंवि की धारा 279, 336, 278 के तहत मामला दर्ज किया है.

# फिक्स डिपाजिट प्रमाण व पत्र का किया वितरण



**गोंदिया**-जीवन रक्षा के रूप में मेरी कन्या भाग्यश्री योजना के अंतर्गत सर्व दिव्यांग वेलफेयर कमेटी के राज्य महामंत्री राजेंद्र ए. कारड़ा व सर्व दिव्यांग वेलफेयर कमेटी के जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश संतवानी के आतिथ्य में लाभार्थी कन्याओं के पालकों को कन्याओं के नाम फिक्स डिपाजीट प्रमाण पत्र का वितरण किया गया. शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बाल विकास विभाग के प्रभारी प्रकल्प अधिकारी तीर्थराज उके ने कहा कि वर्तमान शासन द्वारा लेक-लाड़की योजना का शुभारंभ हुआ है, जिसमें जिस परिवार में 1 अप्रैल 2023 के बाद कन्या का जन्म हुआ है, वह लाभार्थी लेड-लाड़की योजना का लाभ बाल कल्याण विभाग से ले सकते हैं. कार्यक्रम में राजेश ए. कारडा, वेदप्रकाश संतवानी के हस्ते दतोरा निवासी पूर्वी जितेंद्र लांजेवार, रापेवाड़ा निवासी कृति श्यामकुमार वडीचार, माही श्यामकुमवार वडीचार लाभार्थी कन्याओं के पालकों को फिक्स डिपाजीट प्रमाण पत्र वितरित किए गए. प्रभारी प्रकल्प अधिकारी तीर्थराज उके व विस्तार अधिकारी कुसुम सिरसाम ने अतिथियों का अभिवादन कर आभार व्यक्त किया व शासन द्वारा जन कल्याणकारी योजना का लाभ लेने की अपील की.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।